गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2024 दिनांक 23.02.2024

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 **चिह्न: गेल-ईक्यू**	2. लिस्टिंग अनुपालन बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

विषय : सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 के विनियम 30 के तहत घटना अथवा सूचना का प्रकटीकरण

महोदय/महोदया,

कृपया सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 30 में निर्धारित अनुसार घटना अथवा सूचना से संबंधित प्रकटीकरण निम्नानुसार प्रस्तुत है :

कंपनी के विरुद्ध किसी नियामक प्राधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई या पारित आदेश	
प्राधिकरण का नाम	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बीएसई लिमिटेड
की गई कार्रवाई, आरम्भ की गई कार्रवाई अथवा पारित किए गए आदेश की प्रकृति और विवरण	एनएसई और बीएसई द्वारा जीएसटी सहित प्रति रुपये 5,42,800/- का जुर्माना लगाया गया
किसी गैर-अंतरिम या अंतरिम आदेश, अथवा प्राधिकरण द्वारा किसी अन्य संचार सहित निर्देश अथवा आदेश प्राप्ति की तिथि	दिनांक 22.02.2024
किए गए या किए जाने हेतु आरोपित उल्लंघन/उल्लंघनों का विवरण	सेबी एलओडीआर विनियम, 2015 का विनियमन 17 (1) – दिनांक 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के लिए निदेशक मंडल की संरचना (स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या की गैर-नियुक्ति) से संबंधित अपेक्षाओं का गैर-अनुपालन
सूचीबद्ध इकाई की वित्तीय, प्रचालन अथवा अन्य गतिविधियों पर प्रभाव, जहां तक संभव हो मौद्रिक संदर्भ में मात्रात्मक रूप से निर्धारित किया जा सकता है	कोई नहीं, कंपनी की वित्तीय, प्रचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ा ।

यह उल्लेख किया जाता है कि बोर्ड की संरचना के संबंध में गैर-अनुपालन न तो कंपनी द्वारा किसी लापरवाही/चूक के कारण था और न ही यह गेल प्रबंधन के नियंत्रण में था और अनुपालन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास भी किए गए थे ।

गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक 'सरकारी कंपनी' है । गेल के बोर्ड के सभी निदेशक (स्वतंत्र निदेशकों सहित) भारत सरकार द्वारा नामित/नियुक्त किए जाते हैं । इस प्रकार, उक्त नियुक्तियाँ गेल प्रबंधन के दायरे/नियंत्रण से बाहर हैं । कंपनी अपने बोर्ड में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए भारत सरकार से नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई कर रही है ।

यह नोट किया जा सकता है कि पहले भी इस प्रकार के पत्र प्राप्त हुए हैं और इस संबंध में छूट अनुरोधों पर एक्सचेंज द्वारा अनुकूल विचार किया गया था ।

धन्यवाद,
भवदीय,

महेश

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. बीकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड,
   4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,
   गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
   बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

   ध्यानाकर्षण : श्री कौस्तुभ कुलकर्णी